कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश
सतपुड़ा भवन, भोपाल–462004

भोपाल, दिनांक 31/08/2023

क्रमांक: 1239/345/आउशि/शा–5'अ'/2023

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त शासकीय/अनुदान प्राप्त अशासकीय/निजी अशासकीय महाविद्यालय,
मध्यप्रदेश।

विषय:– सत्र 2023–24 के लिये स्नातक द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर में ऑनलाइन प्रवेश नवीनीकरण हेतु महाविद्यालय के लिए निर्धारित तिथि में वृद्धि करने बाबत।

संदर्भ– (1) मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय का आदेश कमांक 327/46/सीसी/2023/अड़तीस, भोपाल, दिनांक 17.05.2023

(2) कार्यालयीन पत्र क्रमांक 804/345/आउशि/शा–5'अ'/2023, भोपाल दिनांक 27.06.2023

—0—

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित आदेश की कंडिका 18 के बिन्दु कमांक 18.1, 18.1.1, 18.1.2, 18.2 एवं 18.3 का अवलोकन करने का कष्ट करें।

कंडिका 18 के अनुसार समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के प्रवेश नवीनीकरण का कार्य संबंधित पाठ्यकम के परीक्षा परिणाम घोषित होने के 30 दिवस की समय–सीमा में ऑनलाईन ई–प्रवेश पोर्टल के माध्यम से सम्पादित किये जाने के निर्देश है।

कार्यालयीन पत्र क्रमांक 804/345/आउशि/शा–5'अ'/2023, भोपाल दिनांक 27.06.2023 के द्वारा नवीनीकरण हेतु प्रमोट करने की अंतिम तिथि दिनांक 31.08.2023 निर्धारित की गई है।

अतः स्नातक द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर ऑनलाइन प्रवेश नवीनीकरण हेतु प्रमोट करने की निर्धारित अंतिम तिथि दिनांक 31.08.2023 में वृद्धि करते हुए दिनांक 30.09. 2023 निर्धारित की जाती है। शेष निर्देश यथावत रहेंगे।

(आयुक्त, उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित)

31/8/23

(डॉ0 धीरेन्द्र शुक्ल)
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश भोपाल

पृ. कमांक: 1240/345/आउशि/शा.–5'अ'/2023

भोपाल, दिनांक 31/08/2023

प्रतिलिपि–

1. निज सहायक माननीय मंत्री जी, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, मध्यप्रदेश।
2. स्टॉफ आफीसर, अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, मध्यप्रदेश।
3. निज सहायक, आयुक्त,उच्च शिक्षा संचालनालय, सतपुड़ा भवन, भोपाल मध्यप्रदेश।
4. कुलसचिव, समस्त विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश।
5. समस्त क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश।
6. समस्त प्राचार्य, शासकीय अग्रणी महाविद्यालय, मध्यप्रदेश।
7. सी.ई.ओ. एम.पी.ऑनलाइन, द्वितीय तल,डी.बी.मॉल, अरेरा हिल्स, भोपाल।
8. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी,आई.टी.शाखा,उच्च शिखा संचालनालय,सतपुड़ा भवन,भोपाल विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

.... की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश भोपाल